प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

28 मई 2021

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना 2021-22 श्रृंखला III - निर्गम मूल्य

भारत सरकार की अधिसूचना एफ संख्या.4(5)-बी(डब्ल्यू एंड एम)/2021 और भारतीय रिज़र्व बैंक की दिनांक 12 मई 2021 की प्रेस प्रकाशनी के अनुसार सॉवरेन स्वर्ण बॉन्ड योजना 2021-22 - श्रृंखला III अभिदान के लिए 31 मई 2021 से 4 जून 2021 तक की अवधि के लिए खुली रहेगी। बॉण्ड का सांकेतिक मूल्य अभिदान की अवधि के पहले के सप्ताह के पिछले तीन कारोबारी दिवसों अर्थात् 26 मई, 27 मई और 28 मई 2021 के लिए [इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित] 999 शुद्धता वाले सोने के लिए बंद भाव के साधारण औसत के आधार पर तय किया गया है, जो ₹4,889/- (चार हजार आठ सौ नवासी रुपये मात्र) प्रति ग्राम है।

भारत सरकार ने भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों के लिए सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड के सांकेतिक मूल्य पर प्रति ग्राम ₹50/- की छूट देने का निर्णय लिया है जो इसका आवेदन ऑनलाइन तथा आवेदन के एवज में भुगतान डिजिटल मोड द्वारा करेगें। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण के प्रति ग्राम का निर्गम मूल्य ₹4,839/- (चार हजार आठ सौ उनतालीस रूपये मात्र) प्रति ग्राम होगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/287